# संक्षेप

## अधेड़ ने छप्पर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। थानाक्षेत्र के चकपीर नगर गांव निवासी एक अधेड़ ने मंगलवार को पारिवारिक कलह के चलते बंगले में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के मुताबिक बता दें कि मृतक सरवन 55 वर्ष पुत्र शिवनारायण घरेलू कलह के चलते आज सुबह 7:30 बजे छप्पर में ही रस्सी का फंदा डालकर खुदकुशी कर ली इस घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। आत्महत्या या फिर हत्या की गुत्थी सुलझाने को लेकर मामले की तफ्तीश में कोतवाली पुलिस जुटी हुई है शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

## विद्युत चोरी करते चार को पकड़ा , मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर विद्युत अवर अभियंता आशीष गुप्ता ने भगवंत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान बिजली विभाग की टीम ने क्षेत्र के जंगल बुजुर्ग' धानी खेड़ा ' रछोलिया भगवंत नगर तथा गावों में छापेमारी अभियान चला कर रेखा देवी पत्नी संजीव कुमार निवासी रछोलिया' राजेश कुमार पुत्र गंगा प्रसाद निवासी नारायण दास खेड़ा ऊंच गांव 'छंगा लाल पुत्र रामपाल जंगल बुजुर्ग' मोहित पुत्र गौरी शंकर को विद्युत चोरी के अंतर्गत दोषी पाया वह संबंधित थाने में जे ई मनीष कुमार ने चार लोगो पर विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज कराया।

## भूख प्यास से आहत होकर मासूम ने फांसी लगा की खुदकुशी

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली के कस्बा मोहल्ला गढ़ी निवासी 14 वर्षीय हिमांशु पुत्र देवी प्रसाद भूख से आहत होकर कमरे में जाकर फांसी लगा ली। परिजन आनन-फानन में मासूम को सीएचसी ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। वहीं मृतक की मां का आरोप है की पति की घिनौनी करतूत से आहत होकर दूसरों के घरों में काम कर अपने परिवार का भरण पोषण करती थी। बीती 4 तारीख को पति ने घर पर रखा गैस चूल्हा सिलेंडर व राशन पानी को बेच दिया जिसके बाद बच्चे इधर उधर से लेकर अपना गुजर-बसर कर रहे थे। और आज हालात यहां पहुंच गए की 14 वर्षी मासूम ने कमरे में जाकर कुंडी लगाकर अपने आप को मौत के हवाले कर दिया। हालांकि इस पूरे मामले की तफ्तीश में पुलिस जुटी हुई है मृतक मासूम के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

# जनपद में कराए जा रहे निर्माण कार्यों की सीडीओ ने की समीक्षा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज ने विकास भवन सभागार में जनपद में कराए जा रहे रू0 50 लाख से अधिक की लागत के निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की

समीक्षा के दौरान सीडीओ ने जल निगम ग्रामीण/शहरी, लोक निर्माण विभाग, यूपीएससीएल, सीएनडीएस, पर्यटन, आवास विकास आदि कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी ली तथा समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि रू0 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि समस्त निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्धता तथा गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाएं। मुख्य विकास अधिकारी ने धनावंटन के बाद भी कम प्रगति वाले कार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य निर्धारित समय के अन्दर पूरे कराए जाएं अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। उन्होने स्पष्ट किया है कि निर्माण कार्यो में किसी भी स्तर पर लापरवाही को बहुत ही गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित विभाग के अधिकारी उसके लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगी उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि जो भी निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं उनको तुरन्त हैण्डओवर कराने की प्रक्रिया पूर्ण करायी जाए। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सत्य प्रकाश, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, उप निदेशक कृषि मुकुल तिवारी, सीवीओ डा0 अनिल पाण्डेय, अधिशाषी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी हरदयाल अहिरवार, अधिशाषी अभियन्ता जलनिगम शहरी सुनील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर आशुतोष कुमार, पर्यटन सूचना अधिकारी संतोष कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के लिए निकाली गई रैली

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। मंगलवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सत्य प्रकाश ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । इस अभियान के तहत यूपी के 48 जिलों और पांच जिलों की 14 यूनिट के 7 करोड़ 25 हजार 861 बच्चों और किशोर-किशोरियों को पेट से कीड़े निकालने की दवा एल्बेंडाजॉल खिलाई जाएगी। रैली के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि एल्बेंडाजॉल खिलाने के पीछे उद्देश्य है कि हर बच्चा स्वस्थ रहे। पेट में कीड़े रहने से बच्चे का शारीरिक व मानसिक विकास प्रभावित होता है। उन्होंने बताया कि जनपद में गुरुवार से शुरू होने वाले अभियान में शिक्षा, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, पंचायती राज विभाग और महिला कल्याण विभाग से भी सहयोग लिया जा रहा है। इस अभियान के तहत आशा कार्यकर्ता या

स्वास्थ्य विभाग की टीम लक्षित आबादी को एल्बेंडाजॉल खिलाएंगी। जो बच्चे 10 अगस्त को दवा खाने से वंचित रह जाएंगे उन्हें 17 अगस्त को माप राउंड के तहत दवा खिलाई जाएगी

सहयोगी संस्था एविडेंस एक्शन के अनुसार इस जागरूकता प्रचार वाहन रैली के लिए शहर के छह रूट निर्धारित किए गए हैं। रूट नंबर एक के तहत जिला अस्पताल, पीडी नगर व गदन खेड़ा बाई पास वहीं रूट नंबर दो के तहत छोटा चौराहा से डीएसएस रोड को समाहित किया गया है जबकि रूट नंबर तीन में लोकनगर क्रॉसिंग से पूरन नगर होते हुए एसपी ऑफिस के लोग जागरूक किए जाएंगे। वहीं रूट नंबर चार और पांच के तहत बड़ा चौराहा, छोटा चौराहा, कैसरगंज भरत मिलाप और लखनऊ बाई पास से बग्गा चौक की आबादी जागरूक की जाएगी। रूट नंबर छह के तहत एसपी ऑफिस से जेल रोड और हरदोई ऊपरगामी सेतु के नीचे से कांसीराम राम कालोनी के लोगों को कृमि मुक्ति अभियान के बारे में जागरूक किया जाएगा।

# 21 कैन अवैध बीयर ब्रांड ट्यूबर्ग बरामद,एक युवक गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान में जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देशानुसार व जिला आबकारी अधिकारी करुणेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में आबकारी निरीक्षक कुमार गौरव सिंह हसनगंज मय हमराह व थाना अजगैन पुलिस के साथ अजगैन स्थित ढाबा महाराजा नियर टोल प्लाजा नवाबगंज मे दबिश के दौरान 21 कैन ब्रांड ट्यूबर्ग बीयर के साथ राम नरेश पुत्र राजाराम निवासी इमाम बाग थाना काकोरी जनपद लखनऊ को गिरफ्तार किया आबकारी अधिनियम की सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृत कराया गया।

# जागेश्वर मंदिर में विशाल भंडारे का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। जसमंडा बब्बन गांव में जागेश्वर शिव मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें आस पास गावो के ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण कर हर हर महादेव के जयकारे लगाए

जसमंडा बब्बन गांव में जागेश्वर शिव मंदिर में लखनऊ से पधारे कथा वाचक राजेश रामानुज शास्त्री,की सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के समापन के बाद हवन किया गया जिसमे हिंदू जागरण मंच प्रांतीय मंत्री विमल द्विवेदी अजय त्रिवेदी ने हवन में आहुति दी,हवन के बाद आलू पूड़ी, सब्जी , बूंदी का विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे आस पास के गाव आदम पुर बरेठी, नवई, समदपुर जसमंडा, जैतीपुर ,फिरोज पुर,राम पुर अखौली, फरहदपुर, भटपुरा ,आदि गावो से सैकडो की तादाद में ग्रामीण पहुंचकर लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया इस मौके पर आयोजक कर्ता अमित शुक्ला,हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय मंत्री विमल द्विवेदी, अजय त्रिवेदी , ओम तिवारी, कौशल दीक्षित, संदीप शुक्ला , अमर दीप शुक्ला, प्रदीप शुक्ला, आदि लोग मौजूद रहे।

# जिले में चल रही मानक विहीन कोचिंग एवं शिक्षण संस्थान के संबंध में विद्यार्थी परिषद ने दिया ज्ञापन



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, उन्नाव ने जिले में चल रहे अवैध और मानकविहिन कोचिंग एवं शिक्षण संस्थानों के विरोध में जिलाधिकारी कार्यालय में एसडीएम उन्नाव को विद्यार्थी परिषद उन्नाव के प्रतिनिधि मण्डल ने 05 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन सौंपा। प्रमुख रूप से जिला सह संयोजक शोभा निगम , प्रांत कार्यकारणी सदस्य तरुण द्विवेदी, जिला संगठन मंत्री नवनीत त्रिपाठी ,नगर मंत्री अनंत शुक्ला, सह मंत्री दीपशिखा सिंह, अमन बाजपेई, अंश सिंह जी, अभय शर्मा जी, उपस्थित रहे।

# व्यापारियों व ग्राम प्रधानों के साथ सीओ ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। विधानसभा क्षेत्र के व्यापारियों और प्रधानों की बैठक क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुई।

बैठक में क्षेत्राधिकारी ने बताया की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु आज के समय में सीसीटीवी कैमरे लगना अति आवश्यक है जिससे समय सीमा के अंदर घटनाओं का खुलासा किया जा सके व संदिग्ध गतिविधियों को रोका जा सके इसी क्रम में नगर के भाजपा नेता एवं व्यापार मंडल के जिला महामंत्री डा0 नीरज गुप्ता ने स्ववं के मद से चार सीसीटीवी कैमरे पुलिस प्रशासन को देने एवं उचित स्थानों पर लगवाने के लिए कहा गुप्ता ने कहा की सभी की अपने अपने स्तर से ज्यादा नहीं तो अपने अपने घरों पर तो सीसीटीवी कैमरे लगवाने ही चाहिए जिससे की आपकी सुरक्षा के साथ संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। इस बैठक में व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष रविकांत गुप्ता,शरद अग्रवाल, मोईन अंसारी, सुधीर कुमार मिश्रा, अनुराग अग्निहोत्री आदि व्यापारी और प्रधान मौजूद रहे।

# देवमई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत डॉक्टर संदीप का भ्रष्टाचार चरम सीमा पर

- सरकारी अस्पताल का सहारा लेकर निजी क्लीनिक में कर रहा मरीजों का शोषण
- संक्रमित बीमारियो की चपेट में ग्रामीण

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के देवमई विकास खंड के अंतर्गत रूसी गाँव मे डेंगू व टायफाइड जैसी संक्रमित बीमारियों ने पैर पसार रखा है ।रूसी गाँव में हरिशंकर त्रिवेदी, निर्मला, निशा, ज्योति, रामनरेश, कोमल, भोला अवस्थी, सौम्या, मानसी, शिवांश, रतिभान सिंह, आरती, सक्षम की जाँच में बुखार के लक्षण पाए गए है और इन 10 लोगों के ब्लड सैम्पल जांच के लिए जिले भेजे गए हैं दिनेश पांडेय, उमाशंकर, प्रीति अवस्थी,दीक्षा, रामदेवी, मीरा, कृष्ण कुमार उतरा, प्रशान्त की जांच के लिए तीन दिन पहले सैम्पल लखनऊ भेज गया है ।इनके अलावा आधा सैकड़ा लोग बीमार पड़े है ।जो पीएचसी देवमई सहित जगह-जगह इलाज के लिए परेशान हो रहे है।

### पूर्णाकता क्लीनिक जहानाबाद में बैठता चिकित्सक

गाँव के ही रोहित ने पीएचसी देवमई में तैनात एक चिकित्सक पर आरोप लगाते हुए कहा कि हम लोग जब इलाज के लिए देवमई अस्पताल गये थे तब डा.संदीप गुता ने अपने अस्पताल पूर्णाकता क्लीनिक जहानाबाद ले गए और वह इलाज किया ।जहाँ इलाज के नाम पर मनमानी ढ़ंग से अनाप-शनाप पैसा वसूला जाता है और देवमई पीएचसी के बाहर स्थित एक मेडिकल स्टोर से दवा लेने की सलाह भी देता है। जहां मनमानी जेनेरिक दवाओं में पैसे की लूट की जाती है जिससे परेशान होकर गाँव के लोग मरीजो के लेकर इधर उधर भटक रहे है ।इससे पूर्व भी देवमई चिकित्सक डा.संदीप गुप्ता की शिकायत क्षेत्रीय ग्रामीणों ने की पर विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते कोई कार्यवाही नहीं हुई ।देवमई पीएचसी के भ्रष्टाचार की खबरें अमन लेखनी हिंदी दैनिक समाचार पत्र के साथ-साथ अन्य दर्जनों समाचार पत्रों में पूर्व में प्रमुखता से छपी थी ।इस क्रियाविधि से क्षेत्रीय ग्रामीणों में अत्यधिक रोष है ।कर्मचारी और अधिकारी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे है।

### क्या बोले प्रभारी चिकित्सक

इस सम्बंध में जब देवमई प्राभारी चिकित्सक विमलेश कुमार ने बताया कि रूसी गाँव मे लगभग 25-30 सैम्पल लेकर जांच की गई, जिनमें 10 लोगो मे डेंगू के कुछ लक्षण किट द्वारा पाये गये है उनको जांच के लिए भेजा गया है ।दवा लिखने के संदर्भ में मामला संज्ञान में आया था, जिससे लिखित रूप में स्टाप के सभी डॉक्टरो को अवगत कराया गया है अगर बाहर से दवा लिखते है तो डॉक्टर स्वम् जिम्मेदार होगा और उस पर कार्यवाही होगी।

# शिक्षको की समस्याओं को लेकर शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने बीएसए से की वार्ता

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों द्वारा आज जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह से शिक्षक समस्याओं पर वार्ता हुई शिक्षक समस्याओं में प्रमुख रूप से शिक्षकों के चयन वेतनमान पत्रावलीयों के निस्तारण ना होने का मुद्दा छाया रहा विकासखंड सुमेरपुर, हसनगंज, नवाबगंज, सिकंदरपुर सरोसी, बिछिया समेत कई विकास खंडों की चयन वेतनमान पत्रावलियां जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय नहीं पहुंच पा रही हैं एवं कई पत्रावली सेवा सत्यापन के नाम पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से पुनः खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय लौटा दी जा रही है शिक्षकों की समस्त सेवा पुस्तिका ऑनलाइन कर दी गई हैं ऐसी दशा में सेवा सत्यापन के नाम पर शिक्षकों को कार्यालय दर कार्यालय चक्कर काटने पड़ रहे हैं अंतर्जनपदीय स्थानांतरण में आए शिक्षकों को उनके पूर्व जनपद से सेवा सत्यापन हेतु कहा जा रहा है ऐसे कई शिक्षकों की समस्याओं को संगठन के पदाधिकारियों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के समक्ष उठाया गया जिस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा चयन वेतनमान की पत्रावलीयां को पारदर्शी तरीके से समयबद्ध निस्तारण का आश्वासन दिया गया चयन वेतनमान पत्रावलीओं के पश्चात गत सप्ताह विद्यालय में न्यून नामांकन होने की दशा में जनपद के कई विद्यालयों के समस्त स्टाफ का वेतन अवरुद्ध करने पर संगठन द्वारा शिक्षकों के वेतन निर्गत करने का अनुरोध किया है साथ ही संगठन के पदाधिकारियों ने बताया था कि कई विकास खंड में ऐसे विद्यालय हैं जहां एकल शिक्षक कार्य कर रहा है और नामांकन वृद्धि तथा शासन की समस्त योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है और उनके वेतन अवरुद्ध कर दिए गए हैं हाल ही में शिक्षकों द्वारा संपन्न करवाएं परिवार सर्वेक्षण कार्यक्रम में सेवित क्षेत्र में 6 से 14 आयु वर्ष का बालक बालिका उपलब्ध नहीं है तो ऐसी दशा में नामांकन वृद्धि करना कठिन होगा साथ ही पदाधिकारियों का यह भी कहना है कि शिक्षक नामांकन न्यून होने के लिए केवल शिक्षक ही जिम्मेदार नहीं है अभी तक कई विद्यालयों में पूरी पाठ्य-पुस्तकें विद्यालयों तक नहीं पहुंच पाई हैं कई विद्यालयों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं है सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति नहीं हो पाती है बैठक व्यवस्था हेतु पूरी बैन्च भी नहीं है परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों का प्रयोग लगातार गैर शैक्षणिक कार्यों में किया जा रहा है वहीं प्राइवेट विद्यालयों में सुंदर इमारत शुद्ध पेयजल पाठ्य पुस्तक बैठक व्यवस्था एवं प्रति कक्षा एक शिक्षक उपलब्ध करवाया जाता है बेसिक शिक्षा विभाग में बच्चे शासन द्वारा प्रेषित की जा रही राशि पाठ्य पुस्तकों के नाम पर प्रवेश तो ले लेते हैं लेकिन वह शिक्षण कार्य हेतु प्राइवेट विद्यालयों में अपना नामांकन करवा लेते हैं हाल ही में बच्चों को आधार कार्ड से जोड़ने के पश्चात डुप्लीकेट छात्रों के नाम हटाए गए हैं जिससे पूरे प्रदेश में नामांकन में कमी हुई है इन सबके लिए केवल शिक्षक को जिम्मेदार मानकर उनकी आजीविका का आधार उनका वेतन रोक देना गलत है एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को इस विषय पर नरमी दिखाते हुए सभी शिक्षकों के वेतन निर्गत करने चाहिए ताकि शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों की परिवार का भरण पोषण सहज रूप से हो सके जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा इस बिंदु पर संगठन के पदाधिकारियों को शिक्षकों को प्रेरित कर विद्यालयों में नामांकन वृद्धि कर जनपद उन्नाव को मंडल में प्रथम स्थान पर पहुंचने हेतु प्रेरित करने की बात कही गई आज की वार्ता में प्रदेश कोषाध्यक्ष संजय कुमार कनौजिया, प्रांतीय संयुक्त मंत्री अक्षय कटियार, मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सिंह सेंगर, जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह, महामंत्री कृष्ण शंकर मिश्र, कोषाध्यक्ष अवनीश पाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेद नारायण मिश्र, उपाध्यक्ष दिलीप अवस्थी, नवाबगंज मंत्री अमित शर्मा, सिकंदरपुर सरोसी मंत्री अरुण कुमार आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को रौंदा,मौतः नहीं हो सकी शिनाख्त




अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई हादसे के बाद चालक गाड़ी लेकर भाग गया।

राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फोटो के आधार पर पुलिस शव के शिनाख्त का प्रयास करने में लगी है। बताते चलें कि देर रात लगभग 12:30 बजे कोतवाली क्षेत्र के हरदोई उन्नाव मार्ग स्थित हरियाली पेट्रोल पंप के सामने एक बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। खबर लिखे जाने तक मृतक युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

Scanned by TapScanner

